कार्रवाई

डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने दो युवकों को पकड़ा, सराफा कारोबारी से की गई पूछताछ

# तीन किलो सोना जब्त, राडार पर सराफा कारोबारी



**नवभारत, कटनी।** रेलवे स्टेशन से कटनी से अवैध रूप से तीन किलो सोना रखने के आरोप में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम द्वारा पकड़े गए दो युवकों के मामले में कार्रवाई का शिकंजा शहर के एक कारोबारी पर भी कसता जा रहा है। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर डीआरआई की टीम ने शहर के गोयनका ज्वलेर्स के अरूण गोयनका से पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान उनकी तबियत भी बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात कटनी जंक्शन में तीन किलो सोने के साथ गिरफ्तार किए गए सागर निवासी दो युवकों से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हुए हैं। पूछताछ में युवकों ने कटनी शहर के एक प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी का नाम लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि कोलकाता से वह यह सोना सराफा व्यापारी के लिए लाए थे, लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाया और सराफा बाजार पहुंचकर एक सराफा व्यापारी की फर्म पर दबिश दी। दोपहर दो बजे से शुरू हुई जांच शाम तक चलती रही। पूछताछ में क्या बातें सामने आई है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। अब देखना है कि इस मामले में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम क्या कार्रवाई करती है। यह भी पता चला है कि सीजीएसटी टीम द्वारा आज दोनों आरोपियों को कटनी लाकर जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। सोने की कथित तस्करी के खिलाफ डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कटनी रेलवे स्टेशन में दबिश देते हुए सागर के दो युवकों को करीब तीन किलो सोने के साथ हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक कोलकाता से ट्रेन के माध्यम से सोना लेकर सागर आ रहे थे, दोनों युवक सागर शहर के निवासी बताए गए हैं, जिनका नाम अभिषेक और आयूष बताया गया हैं। डीआरआई को पहले से इसकी गोपनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार डीआरआई अधिकारियों ने कटनी रेलवे स्टेशन पर पहले से निगरानी कर रखी थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही संदिग्ध दोनों युवकों को रोककर पूछताछ की गई और तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग तीन किलो सोना बरामद हुआ। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर आगे की जांच के लिए जबलपुर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि डीआरआई ने आरोपियों से बरामद सोने के संबंध में खरीद-बिक्री के बिल, टैक्स संबंधी दस्तावेज और अन्य वैध अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन संतोषजनक दस्तावेज नहीं मिलने पर सोना जब्त कर लिया गया।

एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि सोने की तस्करी के पीछे कोई संगठित तस्करी गिरोह तो सक्रिय नहीं है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं और इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता भी उजागर हुई है, हालांकि डीआरआई की ओर से अभी तक इस कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।



# बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने जताया विरोध

सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि जहां 63 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए, वहां केवल 25 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इससे ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड पड़ रहा है और बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद भी उन्हें समय पर नहीं बदला जा रहा, जिससे लोगों को कई दिनों तक अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। पेयजल व्यवस्था, खेती-किसानी, छोटे व्यवसाय और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और विभाग की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही क्षेत्र में पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गए, जले हुए ट्रांसफार्मरों को नहीं बदला गया और अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। रीठी तहसील की बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की गई है।

एक नजर में

## निलंबन के बाद शिक्षक पर एफआईआर दर्ज

**नवभारत, कटनी।** जिले में कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले प्रदर्शन में शामिल शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिक्षक ने स्कूलों में नकल और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। पुलिस ने प्रभारी प्राचार्य और महिला शिक्षक से मारपीट के आरोप में शिक्षक वरूण नायक को गिरफ्तार किया है। शिक्षा विभाग ने उन्हें निलंबित भी कर दिया है। वहीं गिरफ्तारी के बाद शिक्षक वरुण नायक ने मीडियाकर्मियों को अपने शरीर के चोट दिखाए। उनके पैर, पीठ और हाथ पर कट के निशान हैं। चोट देखकर लग रहा है कि किसी नुकीले हथियार से पीठ पर हमला किया है। वरुण नायक ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलने की सजा मिली है। पुलिस के अनुसार मौके पर भी वरुण नायक शांत नहीं हुए और पुलिसकर्मियों से हाथापाई की। एक पुलिसकर्मी को भी चोट आई। वरुण नायक का कहना है कि उन्होंने शिक्षा नीतियों, स्कूलों में नकल व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। पहले निलंबित किया गया, फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि स्कूल में विवाद की सूचना मिलने पर टीम मौके पर भेजी गई थी। वहां आरोपी शिक्षक हंगामा कर रहे थे।

# लभेर नदी में दिखाई दिये मगरमच्छ

ग्रामीणों में दहशत , वन विभाग तक शिकायत



**नवभारत, कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कंजिया स्थित लभेर नदी में पिछले दो सप्ताह से मगरमच्छ देखे जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग ने रेस्क्यू का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार पहले कभी इस नदी में मगरमच्छ नहीं देखे गए थे। इस साल बड़े आकार के मगरमच्छों ने यहां डेरा जमाया है। शनिवार को भी मगरमच्छों की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी मगरमच्छों के फोटो और वीडियो बनाकर विभाग को उपलब्ध कराए थे। तब विभाग ने गांव पहुंचकर रेस्क्यू करवाने का आश्वासन दिया था। हालांकि यह आश्वासन पूरा नहीं हुआ और मगरमच्छ फिर से उसी स्थान पर देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विकास निगम कुंडम परियोजना के अधिकारियों से जल्द से जल्द रेस्क्यू कर मगरमच्छों को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन विकास निगम कुंडम परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पूर्व में मगरमच्छों की सूचना मिली थी। स्टाफ द्वारा गांव में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की समझाइश दी गई थी। पूर्व में नदी में बाढ़ आने के कारण यह अनुमान लगाया गया था कि मगरमच्छ आगे निकल गए होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि दोबारा मगरमच्छ नदी में देखे जा रहे हैं, तो रेस्क्यू करवाकर उचित व्यवस्था बनाई जाएगी।

# जेन-जी को गटरछाप कहने पर कांग्रेस ने फूंका कंगना रनौत का पुतला

कचहरी चौराहे पर महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**नवभारत, कटनी।** शहर के कचहरी चौराहे में महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान हिमाचल मंडी की सांसद कंगना रनौत और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के बयानों के विरोध में उनके पुतले जलाए गए।

प्रदर्शन में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा ने सांसद कंगना रनौत के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि कंगना द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को 'गटरछाप जेनरेशन' कहना और उन्हें अशिक्षित व असभ्य बताना निंदनीय है। उन्होने कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं को अपने उन आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मंत्रियों और नेताओं पर कभी कुछ बोलते नहीं देखा गया, जो महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों में लिप्त हैं। महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद बिलकिस बानो कांड के दोषियों के जेल से छूटने पर उनका स्वागत करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे भाजपा की दोहरी नीति बताया। कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा मंत्री मंडल मैं बैठे सभी भ्रष्टाचारी मंत्रियों और सांसदों को उनके कर्मों और बड़बोलेपन का जवाब जल्दी ही जनता अपने मतों से जवाब देगी।

विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, राकेश जैन कक्का, हरिशंकर शुक्ला, प्रेम बत्रा, करण सिंह चौहान, विजय पटेल,सेवा दल अध्यक्ष मंगल सिंह, अदिता वर्मा, लता कनौजिया, शशि यादव, कल्पना पाठक, मनीषा शर्मा, अर्चना जायसवाल, दुर्गावती कोल, रूपा पाठक, अर्चना दुबे, नजमा बी, सुषमा ठाकुर, रुक्मणी पांडे, लता खरे, सुनीता सोनी, सुमन सैनी, शशि शेखर भारद्वाज, कमलेश यादव, तुलाराम गोटिया, मौसुफ अहमद, संदीप यादव, श्याम पाहुजा, राकेश द्विवेदी, अजय कोल, फरीद मोहम्मद, साहिल नामदेव, ओंकार टेकाम, उदय सिंह, इमरान खान, दिलदार खान, विजय समुद्री, अर्जुन सिंह, अमित सिंह हर्षित मिश्रा, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो ट्राली बैग में मिला 20 किलो गांजा, आरोपी को किया गिरफ्तार

स्लीमनाबाद के तेवरी से पकड़ाया युवक



**नवभारत, कटनी।** जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत स्लीमनाबाद थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक तस्कर को 20 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजे के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तेवरी स्थित राज स्वीट कॉर्न कैफे के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में एक संदिग्ध युवक दो ट्रॉली बैग लेकर बैठा हुआ था। पुलिस टीम को देखते ही युवक घबराने लगा। संदिग्ध गतिविधि प्रतीत होने पर पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया।

पकड़ा गया आरोपी स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के घुघरी गांव निवासी अभिषेक यादव है। आरोपी के पास से मिले बैग के अंदर से खाकी टेप में लिपटे 13 पैकेट मिले। छोटे ट्रॉली बैग से खाकी टेप में लिपटे सात पैकेट गांजा मिला है।



# शोभायात्रा, महाआरती और अमृत वचनों में डूबे श्रद्धालु

हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अर्पित किया भक्ति भाव

**नवभारत, कटनी।** हरेमाधव गुरु पूर्णिमा महापर्व के पावन अवसर पर 29 जुलाई को हरेमाधव सत्संग स्थल, माधव नगर में आयोजित हरेमाधव दरबार साहिब में गुरु पूर्णिमा पर्व का आध्यात्मिक महोत्सव पुर्ण श्रद्धा, भक्तिभाव, सेवा सिमरन ध्यान और संस्कार का विराट संगम बनकर संपन्न हुआ जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की असीम कृपा से आयोजित इस दिव्य महोत्सव में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर आध्यात्मिक आनन्द का अनुभव किया। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः कालीन नाम सिमरन ध्यान से हुआ। इसके बाद निकली भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालु गुरु महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। सत्संग में भजन कीर्तन और सद ग्रंथ वाणियों का गायन एलईडी के माध्यम से सतगुरु द्वारा संगतों पर बरसाई गई अपार मेहर कृपाओं रहमतों की प्रस्तुति का चलचित्र पर प्रभावशाली चित्रण देखकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें भाव-विभोर होकर नम हो गईं। 'हरेमाधव' 'हरेमाधव' के जयघोष से पूरा माधवनगर गूंज उठा और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा ओर भक्ति से ओत-प्रोत हो गया। महोत्सव के दौरान अमृत वचनों के माध्यम से मानवता, प्रेम, सेवा, समरसता का संदेश दिया गया। शाम को आयोजित दिव्य महाआरती ने श्रद्धालुओं को अलौकिक आध्यात्मिक अनुभूति कराई। दीपों की मनोहारी आभा, भक्ति संगीत और गुरु महिमा के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

# छात्र परिषद के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिलाई शपथ

दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत, कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में नव-निर्वाचित छात्र परिषद प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शाखा निदेशक अनुराग जैन, प्रबंध निदेशिका जूही जैन, सह-निदेशक अनुज जैन, विद्यालय की प्राचार्या सीमा दुबे, उपप्राचार्या शबनम अख्तर, नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों के अभिभावक और कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद शाखा निदेशक अनुराग जैन और प्रबंध निदेशिका जूही जैन को स्मृति-चिह्न और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या ने छात्र परिषद के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र परिषद में प्रेसिडेंट विदुषी पोद्दार, वाइस प्रेसिडेंट भविष्य जादवानी, प्राइम मिनिस्टर वैष्णव गंभीर, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर याशिका गर्ग, रेड हाउस कैप्टन रेहान खान, ग्रीन हाउस कैप्टन वर्तिका द्विवेदी, ब्लू हाउस कैप्टन अंबर गुप्ता, येलो हाउस कैप्टन यश साहू, स्पोर्ट्स मिनिस्टर हर्षित लोधी, भावेश विश्वकर्मा, कनिष्ठ छात्र परिषद में हेड बॉय दर्शील सिंह, डिप्टी हेड बॉय अद्विक रंजन, हेड गर्ल आर्ना शुक्ला, डिप्टी हेड गर्ल ध्वनि खरे को बनाया गया। विद्यालय के प्रणेता उत्तमचंद जैन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिनप उन्होंने अपना शुभाशीष संदेश प्रेषित कर सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले में अब तक 370 .9 मिमी औसत बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 1 अगस्त तक कुल 370.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 373.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 538.7 मिमी, बड़वारा तहसील में 234.5 मिमी, बरही तहसील में 215.8 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 261.4 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 337.5 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में 681.4 मिमी, ढीमरखेड़ा तहसील में 320.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस .ओ . 1533 दिनांक 14 .9 .2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स अशोक कुमार गोयंका, पार्टनर श्री अंकित गोयंका भगनवारा डोलोमाईट माईन खसरा नं . 90, ग्राम भगनवारा, तहसील बडवारा, जिला - कटनी, लीज क्षेत्रफल 2 .850 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता 70,012 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म .प्र . प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई .आई . ए . रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम भगनवारा, तहसील बडवारा, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म .प्र . प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय, नवीन भवन पता - एन .एच . - 30, जबलपुर रीवा बायपास रोड, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम के पास गुलवारा तहसील - मुडवारा, जिला कटनी (म .प्र .) मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म .प्र . प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म .प्र .) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 11 .09 .2026 दिन शुक्रवार को प्रात : 10 :00 बजे मेसर्स अशोक कुमार गोयंका, पार्टनर - श्री अंकित गोयंका भगनवारा डोलोमाईट माईन ग्राम भगनवारा, तहसील बडवारा, जिला - कटनी, (म .प्र .) के परियोजना स्थल के परिसर के समीप आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

संवाद

दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर, जनशिक्षकों और डीएलएड प्रशिक्षुओं से किया संवाद

# छात्रों में जिज्ञासा, विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच और विषयों की गहरी समझ विकसित करें



**नवभारत, कटनी।** शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं, बल्कि ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो सोच सकें, प्रश्न पूछ सकें, तर्क कर सकें और अपने ज्ञान का जीवन में सार्थक उपयोग कर सकें। यह बात कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जनशिक्षक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण के दौरान जनशिक्षकों और डीएलएड प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए कही। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता अकादमिक गुणवत्ता होनी चाहिए। पुस्तक वितरण, गणवेश, मध्यान्ह भोजन, साइकिल वितरण जैसी सभी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों का अधिकतम समय और ऊर्जा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने में लग सके। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे को बेहतर भविष्य की उम्मीद के साथ विद्यालय भेजता है। इसलिए शिक्षकों और मॉनिटरिंग अमले का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि बच्चों में जिज्ञासा, विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच और विषयों की गहरी समझ विकसित करना है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी कक्षा में प्रश्न पूछ रहे हैं, चर्चा कर रहे हैं और स्वयं उत्तर खोजने का प्रयास कर रहे हैं, तभी शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को पूरा कर रही है। कलेक्टर ने जनशिक्षकों एवं अन्य निरीक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण न करें, बल्कि कम से कम एक कालखंड में स्वयं छात्रों का अध्यापन भी करें। इससे बच्चों के सीखने के स्तर का वास्तविक आकलन होगा और शिक्षकों को भी नवीन शिक्षण पद्धतियों का मार्गदर्शन मिलेगा। कलेक्टर ने डाइट को निर्देश दिए कि जिले में उत्कृष्ट और नवाचारी शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों की पहचान कर उनके कार्यों का दस्तावेजीकरण किया जाए तथा उन्हें जिला और राज्य स्तर पर प्रोत्साहन के लिए प्रस्तावित किया जाए। साथ ही प्रभावी शिक्षण सामग्री के चयन और उसके व्यापक उपयोग पर भी विशेष बल दिया। डाइट परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कक्ष, पुस्तकालय और सीडब्ल्यूएसएन संसाधन कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने जिला परियोजना समन्वयक से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही यह जानकारी ली कि जिन विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाएं संचालित हो रही हैं, वहां छात्रों के स्तर के अनुरूप रंगीन कहानी पुस्तकों की उपलब्धता और उनका उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने डाइट परिसर में 'एक पेड़ मां' के नाम अभियान के तहत अशोक का पौधा रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

